बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O)
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक 26-8-2000

प्रेस विज्ञप्ति

सामुहिक अवकाश के तीसरे दिन आन्दोलन की समीक्षा संघ भवन में श्री वजीन्द्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में की गई । राज्य के सभी जिला से प्राप्त सूचना के आधार पर आन्दोलन शत-प्रतिशत सफल है । प्रखण्ड स्तर से लेकर सचिवालय स्तर के सारे कार्य यथा विकास, राजस्व, विधि-व्यवस्था एवं साहाय का कार्य ठप्प हो चुका है । सभी जिलाधिकारी सरकार को त्राहिमाम संदेश भेज रहे हैं । जनता की स्थिति सरकारी कार्य में परेशानी से चन्द आलाअफसर भले ही अपनी पीठ को थपथपा लें, पर वे भी इसको समझ रहे हैं कि सरकार की हालत क्या है ?

संघ की लंबित एवं स्वीकृत माँगों पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है । सभी स्तरों पर पदोन्नति के सारे पद रिक्त हैं और कार्मिक सचिव संचिका को देख-देख कर खुश हो रहे हैं क्योंकि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को इससे मानसिक परेशानियों के साथ-साथ आर्थिक क्षति भी हो रही है । हमारी दक्षता भी प्रभावित हो रही है ।

बेसिक ग्रेड के स्केल, अपर सचिव तथा विशेष सचिव का वेतनमान तथा पदों पर पदस्थापन की कोई कार्रवाई कार्मिक विभाग/सरकार ने नहीं की है, पाँच पद जिलाधिकारी के लिए चिन्हित कर हमारे पदाधिकारियों को पदस्थापित नहीं किया गया है । आज की बैठक में सरकार की वादाखिलाफी एवं बेरूखी के लिए भर्त्सना की गई और आगाह किया गया कि सरकार इन सुविधाभोगी पदाधिकारियों के चंगुल से मुक्त होकर संघ की जायज एवं स्वीकृत माँगों को अविलम्ब पूरा करे और हमारे सामने आन्दोलन की विकल्पहीन परिस्थिति पैदा न होने दें। हमने पूर्व में ही सरकार को आगाह कर दिया है कि अगर 30.8.2000 तक सभी कार्रवाई (29.3.99 के समझौते का अनुपालन) सुनिश्चित करें अन्यथा 31.8.2000 से हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य एवं विवश हैं ।

सभी अंचलों में अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कराई जाय । महीनों से कार्मिक विभाग में योगदान देकर प्रतीक्षारत पदाधिकारियों का पदस्थापन अविलम्ब कराया जाय । वरीयता क्रम में सभी स्तरों पर पदस्थापन

क्रु०पृ०उ०---2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
. अर्जुन प्रसाद
. कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक..............................

रिक्ति की तिथि से प्रोन्नति का लाभ दिया जाय । कालावधि की समय सीमा समाप्त की जाय ताकि प्रोन्नति का मार्ग सुलभ हो सके ।

हम अपने सदस्यों को संदेश देना चाहते हैं कि वेतनमान और प्रोन्नति ही पदाधिकारी के लिए सबकुछ नहीं है आज जो कुछ हमारे पदाधिकारियों के साथ हो रहा है, भारतीय प्रशासनिक सेवा के कुछ चुने हुए पदाधिकारियों के द्वारा हमारे अधिकार का हनन किया जा रहा है । पद एवं वेतनमान की समाप्ति की कुचेष्टा की जा रही है । राजनैतिक गुंडागर्दी, छुटभैया नेताओं के द्वारा हमारे सदस्यों को अपमानित एवं प्रताड़ित किया जा रहा है, इसके विरूद्ध भी हमारा यह आन्दोलन है। जब तक हम एकजुट होकर चट्टानी एकता दिखाते हुए इसे समाप्त नहीं कर लेगें, हमारा यह आन्दोलन चलता रहेगा ।

संघ के सदस्यों से आह्वान किया गया कि वे आन्दोलन पर डटे रहें और किसी भी प्रकार के अफवाहों से सावधान रहकर अन्य सदस्यों को भी सावधान करें । दिनांक 28.8.2000 की ब्रॉड बेस्ड की बैठक में {संघ भवन में 11.30 बजे पूर्वाह्न} आवश्यक चन्दा सहित निश्चित तौर पर भाग लें । उस बैठक में हम आप साथ मिलकर आगे की रणनीति तय करेगें ।

गंगाधर लाल दास 26.8.2000 — वजीन्द्र 28/8/2000

{ गंगाधर लाल दास }
महासचिव

{ वजीन्द्र नारायण सिंह }
अध्यक्ष

ज्ञापांक- 143 दिनांक- 26.8.2000

प्रतिलिपि- निर्देशक, दूरदर्शन, पटना/आकाशवाणी, पटना/समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पटना, राँची, धनबाद, डालटेनगंज एवं ब्यूरो प्रमुख, यू0एन0आई0/पी0टी0आई0 को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ ।

गंगाधर लाल दास 26.8.2000

{ गंगाधर लाल दास }
महासचिव